### निजीकरण की भेंट चढ़ी मासूमों की सांसें

# जिला अस्पतालः क्या दो-चार निलंबन और नोटिस इस गहरी सड़न को साफ कर पाएंगे?

सतना।

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के नाम पर स्थापित जिला अस्पताल आज अपनी संवेदनहीनता और प्रशासनिक अराजकता के कारण कलंकित है।थैलीसीमिया से जूझ रहे पांच मासूम बच्चों को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाकर उनके भविष्य को अंधकार में धकेलने का जो अक्षम्य अपराध यहाँ हुआ है,वह महज एक 'लापरवाही' नहीं बल्कि 'संस्थागत हत्या' का प्रयास है। इस पूरे प्रकरण में हुई अब तक की विभागीय कार्रवाई ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं- क्या दो-चार निलंबन और नोटिस इस गहरी सड़न को साफ कर पाएंगे?



क्या विभाग किसी बड़े रैकेट या ठेका कंपनी को बचाने की कोशिश कर रहा था?



### निलंबन की औपचारिकता और जवाबदेही से भागता प्रशासन

जांच रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने आनन-फानन में ब्लड बैंक प्रभारी डॉ.देवेन्द्र पटेल और दो लैब टेक्नीशियन,रामभाई त्रिपाठी व नंदलाल पाण्डेय को निलंबित कर दिया है। तत्कालीन सिविल सर्जन डॉ.मनोज शुक्ला को 'कारण बताओ' नोटिस थमाया गया है। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि डॉ.देवेन्द्र पटेल को इस संक्रमण की जानकारी 9 महीने पहले ही हो चुकी थी। सवाल यह है कि आखिर नौ महीनों तक इस खौफनाक सच को क्यों दबाया गया?

### क्या निजी कंपनियों का मुनाफा मासूमों की जान से बढ़कर है?

जिला अस्पताल का ब्लड बैंक एक निजी ठेका कंपनी के हवाले है। ब्लड फ्यूजन और जांच की पूरी जिम्मेदारी इसी निजी हाथों में है। जांच में स्पष्ट हुआ है कि लैब टेक्नीशियनों ने मानकों को ताक पर रखकर जांच की,जिसका परिणाम मासूम बच्चों ने भुगता।विडंबना देखिए,जिस ठेका कंपनी की सीधी जिम्मेदारी थी,उस पर अब तक कोई कठोर कानूनी कार्रवाई या ब्लैकलिस्ट करने जैसी प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। क्या निजी कंपनियों का मुनाफा मासूमों की जान से बढ़कर है?

### 'सरकार' के नाम पर कलंक और प्रशासनिक ढिठाई

जिस अस्पताल को अपनी सेवाओं से पूरे देश में नजीर पेश करनी चाहिए थी,वहां 'खून की दलाली' और 'प्रशासनिक बेशर्मी' का नंगा नाच हो रहा है। सिविल सर्जन द्वारा केवल इलाज के निर्देश देकर और एड्स कंट्रोलर को नोटिस जारी कर इतिश्री कर लेना यह बताता है कि तंत्र कितना संवेदनहीन हो चुका है। यह वही अस्पताल है जहां गरीब जनता उम्मीद लेकर आती है,लेकिन उन्हें बदले में ऐसी बीमारियां दी जा रही हैं जिनका कोई इलाज नहीं है।

### बड़े सवाल जो जवाब मांगते हैं:

दोषियों पर आपराधिक मुकदमा क्यों नहीं? केवल विभागीय निलंबन काफी नहीं है। बच्चों के जीवन को बर्बाद करने वालों पर गैर-इरादतन हत्या के प्रयास की धाराएं क्यों नहीं लगाई गईं? ठेका कंपनी पर मेहरबानी क्यों? निजी कंपनी के खिलाफ अब तक एफआईआर दर्ज क्यों नहीं की गई? 9 महीने का सन्नाटा किसके संरक्षण में? डॉ.पटेल ने किसके दबाव में आकर 9 महीने तक इस जानकारी को छिपाए रखा? नजीर कब बनेगी? क्या प्रशासन कुछ ऐसी कठोर कार्रवाई करेगा जो भविष्य के लिए मिसाल बने,या फिर कुछ दिनों बाद ये निलंबित कर्मचारी फिर से बहाल होकर वही खेल शुरू कर देंगे?

### सुधार की जरूरत,दिखावे की नहीं

सतना के लोगों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है। यह मामला सिर्फ पांच बच्चों का नहीं,बल्कि उस भरोसे का है जो आम आदमी सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर करता है। अगर शासन-प्रशासन वास्तव में इस घटना की पुनरावृत्ति रोकना चाहता है,तो उसे 'छोटी मछलियों' के साथ-साथ उन मगरमच्छों पर भी वार करना होगा जो खून के इस कारोबार और लापरवाही के पीछे छिपे हैं। जब तक सिस्टम में बैठे लोग जिम्मेदार और जवाबदेह नहीं होंगे,सरदार वल्लभभाई पटेल का नाम इन गलियारों में केवल एक बोर्ड तक सीमित रह जाएगा।

## हनुमान नगर में देर रात हवाई फायरिंग से फैली सनसनी

**सतना।** कोलगवां थाना अंतर्गत हनुमाननगर वार्ड नंबर-45 में बीती रात तीन-चार पहिया वाहनों पर सवार होकर आए अज्ञात बदमाशों ने फरियादी रंजन यादव के घर के पास हवाई फायरिंग की। सूचना मिलते ही कोलगवां पुलिस मौके पर पहुँची। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं और आधा दर्जन से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। फायरिंग में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है,लेकिन इलाके में दहशत का माहौल है। फिलहाल किसी भी संदिग्ध ने फायरिंग की बात स्वीकार नहीं की है,जांच जारी है।

## जिला न्यायालय परिसर में मारपीटः दुष्कर्म के आरोपी को पीटने वाले 7 गिरफ्तार

**सतना।** पॉक्सो एक्ट और हत्या के प्रयास के आरोपी शिवम पाल को जब पेशी पर अदालत लाया गया,तब पीड़िता पक्ष और आरोपी पक्ष के बीच जमकर गाली-गलौज और मारपीट हुई। बीच-बचाव करने आए पुलिसकर्मियों के साथ भी पीड़िता पक्ष के लोगों ने मारपीट की और लाठियां चलाईं। वकीलों के हस्तक्षेप के बाद स्थिति पर काबू पाया गया। पुलिस ने इस मामले में 9 लोगों को चिह्नित किया है,जिनमें से 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनके खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने और मारपीट का मामला दर्ज किया गया है।

## मैहर में डॉ.मोहन यादव सरकार के कार्यकाल का होगा भव्य उत्सव

**मैहर।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के दो वर्ष सफलतम पूर्ण होने पर 20 दिसंबर (शनिवार) को स्थानीय सरला पैलेस में 'दो वर्ष बेमिसाल' कार्यक्रम आयोजित किया गया है। दोपहर 1:30 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सतना सांसद गणेश सिंह और मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी शामिल होंगे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल और भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने सहित जिले के सभी प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

## सुशासन सप्ताह अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला 23 दिसम्बर को

**सतना।** *प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग कार्मिक लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 19 दिसम्बर से 25 दिसम्बर 2025 तक सुशासन सप्ताह अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान आयोजित किये जाने के दिशा-निर्देश जारी किये गये है। कलेक्टर सतना डॉ.सतीश कुमार एस ने समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि 23 दिसम्बर को दोपहर 1 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जा रही जिला स्तरीय कार्यशाला में विभागीय जानकारी,शिकायतों के निराकरण तथा सफलता की कहानी के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।*

## रेलवे स्टेशन में वेतन न मिलने पर सफाई और पेटी कर्मियों ने काम रोका,स्टेशन में भारी गंदगी

**सतना।** दिल्ली की ठेका कंपनी 'एलआई इंटरप्राइजेज' द्वारा समय पर वेतन न दिए जाने के विरोध में करीब 25 सफाई कर्मचारियों और आधा दर्जन पेटी कर्मियों ने गुरुवार सुबह कामकाज ठप कर दिया। काम बंद होने से स्टेशन परिसर में हड़कंप मच गया। स्टेशन प्रबंधन ने निजी स्तर पर सफाई कराने की कोशिश की जो नाकाफी रही। रेलवे अधिकारियों और ठेकेदार द्वारा जल्द भुगतान के आश्वासन के बाद कर्मचारी काम पर वापस लौटे।ठेकेदार का तर्क है कि जबलपुर से भुगतान न होने के कारण वेतन वितरण में देरी हुई।



## चित्रकूट अमावस्या मेलाः कड़ाके की ठंड के बावजूद लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी, श्रद्धा का सैलाब

**सतना।** ठंड अधिक होने के बावजूद लगभग एक लाख श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी नदी में स्नान किया और भगवान मत्स्यगजेंद्रनाथ व कामतानाथ के दर्शन किए। श्रद्धालुओं ने पितरों का तर्पण और दान-पुण्य भी किया। सुरक्षा के लिए घाटों पर गोताखोर और पुलिस की टुकड़ियां तैनात रहीं। यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए वाहनों को मेला क्षेत्र से दूर ही रोका गया। टीआई चित्रकूट के अनुसार, मेला पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा और शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।



# विधायक का एक्शनः मासूम बच्चियों की गुहार पर पहुंचे बाईपास रोड, दिए मरम्मत के निर्देश

**मैहर।** हरनामपुर बाईपास मार्ग की जर्जर हालत और उससे उड़ने वाली धूल से परेशान होकर स्कूली बच्चियों द्वारा सोशल मीडिया पर जारी किए गए बयान का असर देखने को मिला। मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी तत्काल हरकत में आए और शुक्रवार को एनएचएआई के अधिकारियों के साथ सर्विस लाइन रोड का निरीक्षण किया। विधायक ने अधिकारियों को तत्काल सड़क निर्माण के निर्देश दिए और स्पष्ट किया कि जब तक स्थाई सड़क नहीं बनती,तब तक धूल रोकने के लिए नियमित पानी का छिड़काव किया जाए। विधायक की इस तत्परता के बाद मौके पर पानी का छिड़काव शुरू कर दिया गया है।





## जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नागौद।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में नागौद पुलिस ने जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। मुखबिर से सूचना मिली कि जिला बदर अपराधी राजे बेडिया 30 वर्ष,निवासी चटाई मोहल्ला,अपने क्षेत्र में घूम रहा है। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया। जांच में पाया गया कि जिला मजिस्ट्रेट सतना ने आरोपी के विरुद्ध एक वर्ष के लिए जिला बदर का आदेश जारी किया था,जिसके तहत उसे सतना और पड़ोसी जिलों (पन्ना,रीवा,मैहर) की सीमाओं से बाहर रहना था।

आदेश का उल्लंघन करने पर आरोपी के विरुद्ध धारा 14 म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में निरीक्षक अशोक पाण्डेय,उपनिरीक्षक रंगदेव सिंह और उनकी टीम का विशेष योगदान रहा।

## धान खरीदी केंद्रों पर कलेक्टर-एसपी का औचक निरीक्षण, किसानों से की सीधी चर्चा



मैहर

धान उपार्जन प्रक्रिया का जायजा लेने के लिए मैहर कलेक्टर रानी बाटड़ और पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने रामनगर विकासखंड के अरगट एवं मनकीसर केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा प्रबंधों,टोकन सिस्टम और किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं (छाया,पानी आदि) की समीक्षा की। एसपी और कलेक्टर ने किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि खरीदी प्रक्रिया में किसानों को कोई असुविधा न हो। साथ ही,अवैध परिवहन और भंडारण पर कड़ी कार्रवाई जारी रखने के आदेश दिए गए।

## प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय 22 दिसम्बर को सतना आयेंगे

**सतना।** मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास,संसदीय कार्य विभाग मंत्री तथा सतना जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय 22 दिसम्बर को सतना आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री विजयवर्गीय दोपहर 1.15 बजे विमान से रीवा एयरपोर्ट आयेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रभारी मंत्री रीवा से अपरान्ह 2.30 बजे सतना के लिए प्रस्थान करेंगे और अपरान्ह 3.30 बजे से सतना में आयोजित स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। प्रभारी मंत्री इसी रात्रि 8.50 बजे सतना रेल्वे स्टेशन से रेवांचल एक्सप्रेस द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## मैहर में अवैध खनिज परिवहन का बोलबाला,राजस्व को लग रहा करोड़ों का चूना

**मैहर।** जिले में ओवरलोड खनिज परिवहन का खेल धड़ल्ले से जारी है।भदनपुर और सोनवारी टोल से रोजाना हजारों की संख्या में बिना नंबर प्लेट और बिना वैध दस्तावेजों के ट्रक गुजर रहे हैं। आरोप है कि खनिज विभाग और स्थानीय प्रशासन की सांठगांठ के चलते 20 टन की क्षमता वाले ट्रकों में 40-45 टन माल लादा जा रहा है। इससे न केवल सड़कें जर्जर हो रही हैं और हादसे बढ़ रहे हैं,बल्कि एमपीआरडीसी और सरकार के राजस्व को भारी चपत लग रही है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि नेशनल हाईवे के मानकों के अनुसार ट्रकों का वजन कराकर भारी जुर्माना वसूला जाए।



### रमेश बने शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष,कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**मैहर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा रमेश प्रजापति को मैहर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए रमेश प्रजापति ने कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है,वे उसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। उनका मुख्य लक्ष्य संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना और जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाना होगा। इस अवसर पर मो.रिजवान बगदादी बाबा,मो.नदीम,सेराज अहमद सहित भारी संख्या में कांग्रेस समर्थकों और सामाजिक संगठनों ने उन्हें बधाई दी और उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी।


हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 969. ईशांत मानिकपुरी पिता\पति कीर्तन मानिकपुरी पता- आर.डी.ए. कॉलोनी रायपुरा, 970. लविश राठौर पिता\पति सतेन्द्र राठौर पता- गली न. 2 A अक्षत विहार, 971. वंदना तेकाम पिता\पति प्रदीप कुमार पता- गंगा नगर पंडरी रायपुर, 972. हुमन विश्वकर्मा पिता\पति कृपा राम विश्वकर्मा पता- दोंदेकला रायपुर, 973. जिया श्री साहु पिता\पति तिजेंद्र कुमार साहु पता- अयोध्या नगर न्यू चंगोरा भाटा, 974. उदय वीर सिंह पिता\पति शिव शंकर सिंग पता- वार्ड न.- 43 पुरानी बस्ती रायपुर, 975. नोहर लाल साहू पिता\पति मेघनाथ साहू पता- काशी राम नगर रायपुर, 976. अंश कुमार निषाद पिता\पति दीपक निषाद पता- कुम्हार पारा फाफाडीह, 977. दुलारी तांडी पिता\पति जय लाल ठाकुर पता- B.S.U.P कॉलोनी ब्लाक न.- 24, 978. चित्रेखा पिता\पति जे.आर साहु पता- H-26 पुलिस लाइन रायपुर, 979. प्रशांत यदु पिता\पति घनश्याम यदु पता- नयापारा भैर, 980. डामेश्वर नगारची पिता\पति पुरुषोत्तम नगारची पता- दरबा, 981. शुभम पाण्डेय पिता\पति देवेन्द्र पाण्डेय पता- महिमा सागर वार्ड धमतरी, 982. निर्मला बाफना पिता\पति टीकम चंद बाफना पता-दीनदयाल कॉलोनी कौरीन भाठा राजनादगांव, 983. कीर्तन लाल साहू पिता\पति श्री रमेश कुमार साहू पता- बेलटिकरी राजनादगांव, 984. गजेन्द्र सिंह भारतद्वाज पिता\पति श्री सी. एस. भारतद्वाज पता-विजय वार्ड न. -2 जगदलपुर, 985. भुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति पूरण दास मानिकपुरी पता-महासमुंद, 986. हर्षिता वर्मा पिता\पति दुर्गेश कुमार वर्मा पता-शिवानन्द कॉलोनी महासमुंद, 987. शौर्य नेताम पिता\पति श्री तोरण राम नेताम पता-प्रोफेसर कॉलोनी कवर्धा, 988. वंदना साहू पिता\पति विष्णु राम साहू पता-भैंसा, 989. हेमंत कुमार वर्मा पिता\पति राजेश कुमार वर्मा पता-आर.के.जी. स्कूल के पास, 990. राजदीप साहु पिता\पति गोपी राम साहु पता-बलोदा बाजार, 991. स्वरा वैष्णव पिता\पति सिद्धार्थ वैष्णव पता-सरगीपाल कोंडागांव, 992. समृद्धि यादव पिता\पति मनीष कुमार यादव पता-डी.एन. के. कोंडागांव, 993. भव्य ठौक पिता\पति संदीप ठौक पता-सेक्ट.-01 भिलाई, 994. गरिमा पटेल पिता\पति श्री देवेन्द्र कुमार पटेल पता-दुर्ग, 995. कौशल राज सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 996. रमनदीप कौर भाटिया पिता\पति करनल सिंग भाटिया पता-संतरा बाड़ी दुर्ग, 997. अश्वनी कुमार पाण्डेय पिता\पति स्व. चंदू लाल पाण्डेय पता-म.न. -255 वार्ड -6 ठेठवार पारा दुर्ग, 998. तुषार वर्मा पिता\पति दिलीप कुमार वर्मा पता-हथखोज भिलाई, 999. श्री पुरुषोत्तम लाल साहू पिता\पति श्री जोखू राम साहू पता-शीतला पारा हथखोज वार्ड न. -2 भील -3 चरोदा, 1000. मुकेश गोयल पिता\पति स्व. श्री मन्ना राम गोयल पता- कापला मार्केट के पास खुर्सीपार, 1001.यशवंत कुमार साहू पिता\पति स्व. श्री मदन लाल साहू पता-हरिनगर कातुल बोर्ड दुर्ग, 1002. रोशन कुमार बघमार पिता\पति मन्नू लाल बघमार पता-ढीमर पारा हनुमान टेम्पल दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण** – 1003. अजय कुमार पासवान पिता/पति - स्व. इंद्रदेव पासवान पता - बनारस रोड गांधी नगर 1004. अर्चना चौबे पिता/पति - सच्चि दानंद पांडे पता- शंकरघाट अम्बिकापुर 1005. अलंकार नायक पिता/पति - श्री ओंकार नाथ नायक पता - विश्रामपुर 1006. श्रीमती पविता यादव पिता/पति - श्री मनबोध राम यादव पता- हरीदेवेंद्र कालोनी बी- 32 अम्बिकापुर 1007. बिन्दु पिता/पति - संबोधीत सरजुन पता- हरीदेवेंद्र कालोनी एन - 20 महादेव पारा अम्बिकापुर 1008. विनीति श्रीवास्तव पिता/पति - विवेक श्रीवास्तव पता- अम्बिकापुर 1009. डॉ . पंकज त्रिपाठी पिता/पति- स्व. आर.के.त्रिपाठी पता - सत्ती पारा अम्बिकापुर 1010. श्री जल यादव पिता/पति - सतीश यादव पता- बड़सार भैयाथान 1011. आसिम अहमद पिता/ पति - जहरुद्दीन आजाद पता - मोमीनपुरा अम्बिकापुर 1012. आमिष यादव पिता/पति- श्री राम गेवरा यादव पता- अम्बिकापुर सरगुजा 1013. कु. सुदीक्षा मिश्रा पिता/पति -प्रवीण कुमार मिश्रा पता - मिशन चौक अम्बिकापुर 1014. गुलशन गोयल पिता/पति- श्री शिव कुमार गोयल पता- मायापुर पीपल मार्ग अबिकापुर 1015. दिनेश कुमार पिता/पति - शिव प्रसाद पता - नमनकला गंगापुर 1016. निग राज प्रसाद लवनेश पिता/पति - श्री राम सुजान पता - गंगापुर खुर्द अबिकापुर 1017. मीता पिता/पति - महावीर राजवाड़े पता- मंहगाई सूरजपुर 1018. रवि भूषण दुबे पिता/पति - अरुण कुमार दुबे पता - होउसिंग बोर्ड कालोनी नमनकला 1019. मकसूद अहमद पिता/पति - मंजूर अहमद पता - बरेजपारा अम्बिकापुर 1020. दोमोनिक टोप्पो पिता/पति - मारकठा टोप्पो पता - बलरामपुर 1021. मानसी सिन्हा पिता/ पति- सचिन्द्र सिन्हा पता- गांधी नगर अम्बिकापुर 1022. सौरभ तिवारी पिता/पति - जितेंद्र तिवारी पता - बलरामपुर 1023. साक्षी केशरी पिता/पति - विजय कुमार गुप्ता पता - बसंत मार्ग इमलीपारा 1024. समृदि त्रिपाठी पिता/पति - आनंद प्रकाश त्रिपाठी पता - ब्रह्म रोड अम्बिकापुर 1025. कल्पनाथ भगत पिता/पति - स्व . रुपचन्द भगत पता- गांधी नगर सोनी मोहला ,**भोपाल संस्करण** – 1026. हर्षित सिंह राजपूत पिता\पति - बादल सिंह राजपूतभोपाल, 1027. रीना राजपूत पिता\पति - रनवीर गौरकरोदभोपाल, 1028. राम सिंह पिता\पति - देवी अफजल खान जिंसी,1029. सुखदेव पाटील पिता\पति- स्व नत्थू पाटीलन्यू बाग मुगलियाभोपाल, 1030. आनंद सिंह चावड़ा पिता\पति - मोहन सिंह भोपाल, 1031. साफिया पिता\पति - मो. शोयेब नियर वॉटर टैंकनवीन रं◌भा नगरनिशातपुरा, 1032. भारती चौधरी पिता\पति - 53 नई जेल रोडरतन कॉलोनी करोद, 1033. मुश्ताक मो. खान पिता\पति - आ◌ेफाक मो. खानश्रद्धा कॉलोनीनारियल खेड़ा, **जबलपुर संस्करण** – 1034. दीपक दुबे पिता\पति - श्री राजेंद्र दुबे कटनी, 1035. श्रीमती सरोज गुप्ता पिता\पति - कैलाश चंद गुप्ता जबलपुर, 1036. वैदेही तिवारी पिता\पति - मनीष तिवारी जबलपुर, 1037. पूनम शर्मा पिता\पति - श्री प्रणय कुमार शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1038. देवांश कोटवानी पिता\पति - श्री अनिल कोटवानी अनूपपुर, 1039. प्रणय कुमार शर्मा पिता\पति - श्री गोविंद प्रसाद शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1040. विमलेंद्र कुमार शर्मा पिता\पति - स्वः बसंत राम शर्मा वार्ड क्रमांक 14 पुरानी बस्ती अनूपपुर, 1041. जितेंद्र नंदवानी पिता\पति - राजल दास नंदवानी बाबा नारायण शाह वार्ड माधव नगर कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धिर, वर्तिका ने 126वीं रैंक हासिल कर बढ़ाया परिवार और समाज का मान



पन्ना। आराध्य ब्रह्मलीन परम पूज्य गुरुदेव पंडित देव प्रभाकर शास्त्री "दद्दा जी" की असीम कृपा एवं आशीर्वाद से एक अत्यंत हर्ष एवं गौरव का क्षण प्राप्त हुआ है। उनकी कृपा-प्रसाद से मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला अध्यक्ष श्री धनंजय श्रीवास्तव जी की बिटिया वर्तिका ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षा कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट में 126वीं ऑल इंडिया रैंक प्राप्त कर परीक्षा को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया है। यह उपलब्धि न केवल वर्तिका की कड़ी मेहनत, लगन, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम है, बल्कि यह परिवार, गुरुजन एवं शुभचिंतकों के निरंतर मार्गदर्शन और आशीर्वाद का भी प्रतिफल है। ब्स।ज जैसी कठिन और प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षा में उत्कृष्ट रैंक प्राप्त करना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि मानी जाती है, जो वर्तिका के उज्ज्वल भविष्य की ओर संकेत करती है। वर्तिका की इस सफलता से परिवार, इष्ट-मित्रों और पूरे समाज में हर्ष और गर्व का वातावरण है। सभी ने उसे ढेरों शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य, न्याय और विधि के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान की कामना की है। ईश्वर से प्रार्थना है कि गुरुदेव दद्दा जी की कृपा सदैव वर्तिका पर बनी रहे और वह आगे भी इसी प्रकार सफलता के नए-नए आयाम स्थापित कर परिवार और देश का नाम रोशन करे।वर्तिका को इस शानदार सफलता पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए अनंत शुभकामनाएं।

उच्च शिक्षा की दिशा में जागरूकता कार्यक्रम

# छत्रसाल महाविद्यालय द्वारा नेशनल स्कूल में कॉलेज चलो अभियान का प्रभावी आयोजन




पन्ना। उच्च शिक्षा संचालनालय, भोपाल के निर्देशानुसार सत्र 2026द्27 की प्रवेश प्रक्रिया से पूर्व जिले में कॉलेज चलो अभियान को व्यापक रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है। इसी क्रम में 18 दिसंबर 2025 को छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना की शैक्षणिक टीम ने नगर के नेशनल हाइयर सेकेंडरी स्कूल में पहुँचकर विद्यार्थियों से संवाद किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी के निर्देशन तथा अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. बी. एन. जायसवाल के मार्गदर्शन में नेशनल हायर सेकेंडरी स्कूल, पन्ना में डॉ. राजेश शर्मा एवं डॉ. अरविंद निषाद द्वारा मार्गदर्शन सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित विषयों, शैक्षणिक पाठ्यक्रमों, उच्च शिक्षा विभाग की हितग्राही योजनाओं, एनसीसी/एनएसएस, खेल एवं व्यक्तित्व विकास गतिविधियों तथा कैरियर मार्गदर्शन सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही ई-प्रवेश प्रक्रिया और प्रवेश से संबंधित आवश्यक चरणों को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सरल भाषा में समझाया गया। प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को शासकीय महाविद्यालयों में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने तथा उच्च शिक्षा को भविष्य निर्माण का सशक्त माध्यम बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। विद्यालय भ्रमण के उपरांत कार्यक्रम से संबंधित फोटोग्राफ, उपस्थिति विवरण एवं संक्षिप्त प्रतिवेदन अभियान संयोजक को उपलब्ध कराया गया। कॉलेज चलो अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को सही जानकारी प्रदान कर उन्हें उच्च शिक्षा की ओर प्रोत्साहित करना है।



## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक संस्थान ने किया अभिनंदन

पन्ना। अजयगढ़ के जाने-माने साहित्यकार पूर्व शिक्षक साप्ताहिक दिव्य प्रहरी समाचार पत्र के प्रधान संपादक रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय श्री देवी दयाल पाठक जी के स्मारक संस्थान द्वारा पूर्व सरपंच श्री बाबूराम तिवारी जी का अभिनंदन किया गया स्थानीय जय स्तंभ चौक के पास पाठक निवास में स्मारक संस्थान की अध्यक्ष श्रीराम पाठक द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय श्री पाठक जी के अभिन्न मित्र बाबू लाल तिवारी जी पूर्व सरपंच को वस्त्र एवं धार्मिक पुस्तक भेंट करके सम्मानित किया इस अवसर पर अशोक शुक्ला भोला प्रसाद गौतम कमलेश मिश्रा केपी मिश्रा जय राम पाठक डॉक्टर रमाशंकर द्विवेदी अवधेश कुमार अवस्थी रामखेलावन पाल सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे सभी ने पूर्व सरपंच बाबूलाल तिवारी जी के सतायु जीवन की कामना की।

## धान खरीदी केंद्र बैरागा एवं प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मझगांव में व्यापारियों से खुलेआम खरीदी जा रही है घटिया क्वालिटी की धान



पन्ना। व्यापारियों की बोरी से सीधे शासकीय बोरी में की जा रही है धान की तौलाई जबकि पहले व्यापारी हो या किसानों को डेर लगाना चाहिए फिर इसके बाद होगी तौलाई। समिति प्रबंधक शिवांकित सिंह बघेल की उपस्थिति में व्यापारियों केंद्र से सरकारी बोरी लेकर जाते है फिर धान लेकर आते है फिर सिलाई काटकर रख देते हैं बगैर छाप लगाएं सीधे तौलाई की जाती है जो नियम के विरुद्ध है। सहकारी समिति मझगांव में कोई व्यवस्थाएं नहीं है राम भरोसे चल रहा है केंद्र बैरागा खरीदी केंद्र में घटिया क्वालिटी की धान खरीदी जा रही है। बैरागा खरीदी केंद्र में ग्रेटर मशीन भी नहीं है बैरागा खरीदी केंद्र में खुले आसमान की नीचे चल रही है धान की तौलाई कभी भी हो सकती है बारिश बारिश से बचने के लिए नहीं है कोई व्यवस्थाएं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वैरागा खरीदी केंद्र में किसानों एवं व्यापारियों से 50 से 60 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से लिए जा रहे हैं पैसे प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मझगांव में दलालों का है बोल बाला।

# कॉलेज संचालक की गुंडागर्दी, छात्र के साथ की मारपीट, पेपर से किया वंचित, पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार



पन्ना। वैष्णो माता कॉलेज विधि कॉलेज के छात्रों ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर न्याय कि मांग की है। पन्ना जिला मुख्यालय में संचालित वैष्णो माता कॉलेज संचालक अंकुर त्रिवेदी द्वारा बी ए एलएलबी कक्षा के छात्र सत्येंद्र प्रताप सिंह के साथ मारपीट करते हुए पेपर से वंचित कर दिया गया उक्त गुंडागर्दी के खिलाफ पीड़ति छात्र ने पुलिस अधीक्षक कोतवाली पन्ना सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को आवेदन देकर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। दिए गए आवेदन में उल्लेख किया गया कि आज दिनांक 18 दिसंबर को मेरा बी ए एलएलबी 5जी सेमेस्टर का पेपर था मैं पेपर देने आया था इस दौरान नकल करने के लिए उपस्थित स्टाफ द्वारा दो हजार रुपए की मांग की गई जिस पर मेरे द्वारा असमर्थता जताई गई तो स्टाफ ने कॉलेज संचालक अंकुर त्रिवेदी को मोबाइल लगाकर बुला लिया जब वह






कॉलेज परिसर आए तो उन्होंने पूछा कौन नेतागिरी कर रहा है तो मैंने सारा घटनाक्रम बताया जिससे अंकुर त्रिवेदी एवं उनके तीन चार साथियों द्वारा जमकर मारपीट की गई तथा पेपर से निकाल दिया गया एवं मेरे भविष्य को बर्बाद करने की धमकी दी गई। घटना की सूचना मेरे द्वारा मोबाइल से वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई जिस पर तहसीलदार एवं नगर निरीक्षक कोतवाली भी कॉलेज पहुंचे थे छात्र ने बताया कि यह कॉलेज इसी प्रकार से संचालित हो रहा है कॉलेज संचालक अपने आप को भाजपा का बड़ा नेता बताता है और मनमाने ढंग से विश्वविद्यालय के नियमों को ताक पर रखकर कॉलेज का संचालन कर रहा है गौरतलब है कि अंकुर त्रिवेदी बहुत बड़ा शिक्षा माफिया है तथा इसके खिलाफ दर्जनों अपराध भी दर्ज हैं पीड़ति छात्र ने संबंधित के खिलाफ कार्यवाही करने पुलिस अधीक्षक एवं वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है आगे देखना है क्या कार्यवाही की जाती है।

# 21 दिसंबर से शुरू होगा पवई में क्रिकेट का महाकुंभ

### प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला मैच टीकमगढ़ और नागौद के बीच खेला जाएगा

पवई। विगत कई वर्षों से पवई के महाराजा छत्रसाल खेल मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होता रहा है,जिसका उद्देश्य क्षेत्र की गुमनाम खेल प्रतिभाओं को सामने लाना रहा है। हमेशा से ही पवई के वरिष्ठ खिलाड़ियों के द्वारा लगातार समाजसेवियों व नगर वासियों के सहयोग से इस तरह के आयोजन किए जाते रहे हैं। इसके लिए एक बार फिर पवई का महाराजा छत्रसाल मैदान खेलों के महाकुंभ के लिए तैयार है। इसी के तहत आगामी 21 दिसंबर से पवई विधायक प्रहलाद लोधी के दिवंगत बेटे स्वर्गीय महेंद्र लोधी की स्मृति में पवई प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ होने जा रहा है। इस क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला मैच टीकमगढ़ और नागौद की टीमों के बीच खेला जाएगा। टूर्नामेंट में 70 ग्राम पंचायत स्तर की टीम और 16 संभागीय स्तर की टीम भाग लेंगी। प्रत्येक दिन तीन-तीन मैच खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट की जीतने वाली विजेता टीम को 51 हजार की राशि के साथ विजेता ट्रॉफी, तो वही उप विजेता टीम को 21 हजार की राशि के साथ में उपविजेता की ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इस क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन पवई विधायक एवं समस्त पवई विधानसभा के क्षेत्र वासियों के सहयोग से किया जा रहा है। क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर सारी तैयारियां पूरी हो चुकी है मैदान पूरी तरह से टूर्नामेंट के आयोजन के लिए तैयार है।



## सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवेंद्रनगर एवं रेनबो पब्लिक स्कूल देवेंद्रनगर जाकर कक्षा 12वीं में अध्यनरत विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए किया गया प्रेरित



देवेन्द्रनगर। मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार कॉलेज चलो अभियान 2026 - 27 के प्रथम चरण में शासकीय महाविद्यालय देवेंद्र नगर की कॉलेज चलो अभियान समिति के द्वारा सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवेंद्र नगर एवं रेनबो पब्लिक स्कूल देवेंद्र नगर जाकर कक्षा 12वीं में अध्यनरत विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान समिति के नोडल अधिकारी श्री सुखवेंद कुमार गौतम द्वारा उच्च शिक्षा में संचालित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। समिति के सदस्य डॉ दिनेश कुमार राय द्वारा उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं जैसे गांव की बेटी योजना, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एकीकृत छात्रवृत्ति, आवास योजना, निशुल्क पुस्तक स्टेशनरी वितरण योजना, मुख्यमंत्री मेधावी योजना, मुख्यमंत्री जनकल्याण एवं अन्य योजनाओं की जानकारी प्रदान की । समिति के अन्य सदस्य डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव द्वारा उच्च शिक्षा में उपलब्ध पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। डॉ. पवन त्रिपाठी द्वारा ई प्रवेश प्रक्रिया के बारे में बताया गया। डॉ. अरुण कुमार सिंह द्वारा महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना, खेलकूद गतिविधियों की जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की गई । इस अवसर पर दोनों विद्यालयों के प्राचार्य को उच्च शिक्षा विभाग की योजनाओं की छाया प्रति प्रदान कर नोटिस बोर्ड में चस्पा करने का आग्रह किया गया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के श्री सुधीर सिंह करपेटी एवं कॉलेज चलो अभियान समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# मंदिर के बगल से संचालित हो रही शराब दुकान को हटाने के लिए विश्व हिंदू बजरंग दल ने सर्व समाज सर्व दल की बैठक कर आंदोलन की बनाई रणनीति

**शनिवार को प्रेसवार्ता कर आंदोलन की घोषित होगी तारीख़**

गुनौर। 2018 से लगातार विश्व हिंदू बजरंग दल द्वारा मंदिर के बगल में संचालित हो रही शराब दुकान को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है जिस पर कई बार ज्ञापन भी दिए गए हैं परंतु आज तक शराब दुकान को नहीं हटाया गया जिससे आहत होकर गुनौर के प्रेम प्रतीक पैलेस में सर्व समाज व सर्व राजनीतिक दलों की उपस्थिति में जल्द ही सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन व धरना प्रदर्शन किया जाएगा इसके समर्थन में नगर सहित जिले भर से बजरंग दल सामाजिक संगठनों के लोग इकट्ठा होकर विरोध आंदोलन करेंगे और यह आंदोलन तब तक चलेगा जब तक की शराब दुकान मंदिर के बगल से हटाई नहीं जाए मंदिर के बगल में शराब दुकान संचालित होने से धार्मिक आस्था को ठीक है और अब इसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जिस पर सभी ने सहमति दर्ज कराई जिसका सोमवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रेस वार्ता कर आंदोलन की तारीख की घोषणा भी तय करेंगे संत श्री गोपाल दास महाराज ने सभी को एक साथ एक होकर ऐसे आंदोलन में साथ होने के लिए कहा और प्रशासन प्रशासन से भी अपील की है कि यह नशा शरीर को विनाश करता है और समाज को भी गुनौर में संचालित शराब दुकान मंदिर की बगल से हटाने के लिए अगर सड़कों में भी उतरना पड़े तो हम साथ हैं आप सभी साथ दें और धार्मिक आस्थाओं को आहत करने वाली स्थिति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला अध्यक्ष रामचंद्र गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष दिनेश दुबे, प्रांत सह संयोजक रंजीत परमार, प्रांत सतसंग प्रमुख मालती दीदी, प्रखण्ड अध्यक्ष रविकांत द्विवेदी, जिला संयोजक सिद्धार्थ शर्मा सहित राजनैतिक दलों व सर्व समाज के सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।



# कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों का सघन निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं, कृषकों से की चर्चा

अमानगंज। कलेक्टर ऊषा परमार ने शुक्रवार को अमानगंज और गुनौर क्षेत्र में धान उपार्जन केंद्रों का सघन एवं औचक निरीक्षण किया तथा इन खरीदी केन्द्रों में मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लेकर किसानों की सुविधाओं व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। खरीदी केंद्रों पर बगैर ग्रेडर के धान खरीदी न करने और किसानों से ग्रेडिंग एवं तुलाई के लिए निर्धारित 40 रुपए की राशि प्राप्त करने के संबंध में जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा। जिला कलेक्टर ने किसानों से चर्चा कर धान क्वालिटी एवं रकबा अनुसार उत्पादन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उपार्जन केंद्र तारा झरकुआं में समक्ष में ग्रेडिंग मशीन से धान की सफाई कार्य का अवलोकन किया। केंद्र प्रभारी महेंद्र कुशवाहा ने जानकारी दी कि अब तक यहां 8400 क्विंटल धान की खरीदी व 3200 क्विंटल धान का उठाव किया जा चुका है। कलेक्टर ने उपार्जित स्कंध के समुचित भंडारण तथा धान के स्लॉट बढ़ाने, उठाव के लिए वाहन व्यवस्था इत्यादि के निर्देश दिए। खरीदी केन्द्र पर उपस्थित किसानों द्वारा अवगत कराया गया कि यहां किसी भी प्रकार की समस्या नहीं है और सुचारू रूप से निर्बाध तरीके से उपार्जन का कार्य संचालित है।




महेबा के श्री रामजानकी माया वेयरहाउस में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा खरीदी के तत्काल बाद परिवहन तथा किसानों की सुविधाओं के दृष्टिगत सर्टिफाइड डिजिटल मॉइश्चर मीटर से पर्ची काटने के निर्देश दिए गए। पाठक वेयरहाउस सिली गुनौर के निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि आगामी दिवस से श्रमिकों की संख्या और ग्रेडर बढ़ाएं। केंद्र को सुबह 8 बजे तक अनिवार्य रूप से खोलने की व्यवस्था की जाए। छोटे किसान एवं पूर्व से स्लॉट बुक करा चुके किसानों की उपज की तौल प्राथमिकता से कराने के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान किसानों की समस्याएं सुनकर निराकरण किया तथा आगामी दिवस में स्लॉट बढ़ाने का आश्वासन भी दिया गया।

### बकाया राशि का शीघ्र करें भुगतान

कलेक्टर श्रीमती परमार ने देवेन्द्रनगर के बड़ागांव खरीदी केंद्र का भी मुआयना किया और समक्ष में तुलाई करवाकर वारदाना उपलब्धता व ग्रेडिंग क्वालिटी की जानकारी ली। इस दौरान पल्लेदारों के गत वर्ष की बकाया राशि का भुगतान शीघ्र करवाने के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्रेडिंग धान की गुणवत्ता भी परखी और उपस्थित अधिकारियों से स्कंध के आवक, उठाव व परिवहन एवं भंडारण व्यवस्था के बारे में पूछा तथा किसानों के भुगतान प्रक्रिया की जानकारी भी ली। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी नरेन्द्र सिंह धुर्वे, एसडीएम अनिल तलैया, तहसीलदार रत्नराशि पांडेय एवं ममता मिश्रा, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के प्रभारी महाप्रबंधक अमित श्रीवास्तव तथा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रदीप त्रिपाठी एवं कल्लू पटेल भी उपस्थित रहे।

## अध्यक्ष सारिका खटीक ने किया वार्ड क्रमांक 13 में निर्माणाधीन सी.सी. सड़क का औचक निरीक्षण



अमानगंज। नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 13 में चल रहे सी.सी. सड़क निर्माण कार्य का आज नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटिक ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण की गुणवत्ता, कार्य की प्रगति एवं मानकों का बारीकी से अवलोकन किया गया।

अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटिक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हो तथा गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि नगर परिषद का उद्देश्य आमजन को सुगम, सुरक्षित और टिकाऊ बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। इस सड़क के निर्माण से वार्डवासियों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी और क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त होगी। निरीक्षण के दौरान सी.एम.ओ. महोदय सहित नगर परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। अध्यक्ष द्वारा किए गए इस औचक निरीक्षण से निर्माण एजेंसी में भी कार्य को लेकर सजगता देखने को मिली। नगर परिषद द्वारा लगातार विकास कार्यों की निगरानी कर जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। वार्डवासियों ने सड़क निर्माण कार्य का स्वागत करते हुए नगर परिषद अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।

**जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में मतदान संपन्न**

# 934 में से 859 वोट डाले, आज आएगा परिणाम

छतरपुर।





जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, सचिव सहित विभिन्न पदों के लिए शुक्रवार को मतदान संपन्न हो गया है। मतदान में कुल 934 मतदाताओं में से 859 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव के परिणाम आज शनिवार को सामने आएंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक दो पोलिंग बूथों पर मतदान हुआ। विकलांग एवं वृद्ध अधिवक्ताओं के लिए पुराने संघ कार्यालय में विशेष व्यवस्था थी, जबकि अन्य नवीन कार्यालय में वोट डाले। चुनाव अधिकारी रवि पांडेय ने बताया कि रजिस्ट्रेशन पत्र और वोटर लिस्ट में नाम होना अनिवार्य था। मतदान केंद्र से 50 फीट और बैनर-पोस्टर से 500 मीटर दूरी बनाए रखने के निर्देश थे। पुलिस बल तैनात रहा। अध्यक्ष पद के लिए नरेंद्र कुमार त्रिवेदी, शिवप्रताप सिंह चौहान (रिशु), रामनारायण कुशवाहा, राकेश कुमार दीक्षित, नरेंद्र कुमार खरे, मनोज कुमार व्यास, विनोद कुमार दीक्षित उर्फ गुड्डू वकील ने दावेदारी की है। उल्लेखनीय है कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविंद्र सिंह के निर्देश पर विशेष न्यायाधीश उपेंद्र प्रताप सिंह और न्यायाधीश अरविंद सिंह गुर्जर की निगरानी में यह चुनाव संपन्न हुआ।

### बुंदेली परंपरा से मतदान केंद्र पहुंचे अधिवक्ता

मतदान के दौरान सबसे आकर्षक क्षण तब देखने को मिला जब एक अधिवक्ता संतोष तिवारी गाजे-बाजे के साथ घोड़े पर सवार होकर मतदान करने पहुंचे। मतदान स्थल पर उनके साथियों ने पुष्प वर्षा, पान खिलाकर और न्यौछावर कर बुंदेली परंपरा से उनका स्वागत किया। संतोष तिवारी ने बताया कि पिछली बार तेल खत्म होने से वोट नहीं डाल पाए थे, जिससे एक साथी हार गए। इस बार एक-एक वोट की अहमियत समझकर उत्साह से मतदान किया।

## व्यापारियों के सहयोग से सफल हुई स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा



**छतरपुर**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश में निकाली जा रही स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा पिछले दिनों छतरपुर में व्यापारियों और आम जनमानस के अभूतपूर्व सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुई, जिसके लिए कॉन्फैडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) और स्वदेशी जागरण मंच ने सभी सामाजिक संगठनों, व्यापारी संघों और नागरिकों का आभार व्यक्त किया है।

कॉन्फैडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के जिलाध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने बताया कि पिछले दिनों स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा का आयोजन छतरपुर के नंबर वन स्कूल से भव्य रूप में शुरू किया गया। यात्रा का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य और वरिष्ठ समाजसेवी राकेश यादव (मोनू भैया) की उपस्थिति में केसरिया ध्वज दिखाकर किया गया। मध्य प्रदेश रथ यात्रा प्रभारी गोविंद दास असाटी और जिला अध्यक्ष आनंद अग्रवाल के नेतृत्व में यह रथ शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरा। यात्रा का प्रथम पड़ाव छत्रसाल चौक रहा, जहाँ जैन मिलन, जन अभियान परिषद के आशीष ताम्रकार और नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद बस स्टैंड पर सुधीर जैन, शैलेंद्र और देवेंद्र अग्रवाल की मौजूदगी में ग्राहकों को स्वदेशी की आवश्यकता समझाई गई।

चौक बाजार में कपड़ा व्यापारी संघ, असाटी समाज और मावा मिष्ठान संघ सहित विभिन्न संगठनों ने पुष्प वर्षा कर रथ का स्वागत किया। इस दौरान राकेश असाटी, उमेश अग्रवाल, मनीष दोसाज, स्वतंत्र शर्मा, मनीष वर्मा, राजीव रूसिया, सुमति प्रकाश जैन, विपीन अवस्थी, सुरेंद्र अग्रवाल, शंकर सोनी, डॉ. कृष्णा रावत सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। स्वदेशी जागरण मंच के दीपक तिवारी, योगेश अग्रवाल, बॉबी असाटी और लघु उद्योग भारती के बृजेंद्र गुप्ता ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। यात्रा का समापन छत्रसाल चौक पर लालू लालवानी द्वारा प्रस्तुत बुंदेली कविता के साथ हुआ, जिसके बाद रथ को नौगांव और टीकमगढ़ की ओर रवाना किया गया। आयोजकों ने इस सफल आयोजन के लिए सभी वार्ड सदस्यों, पत्रकारों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया है।



### 2003 की वोटर लिस्ट से गायब हुए ग्रामीणों के नाम

**छतरपुर**। ओरछा रोड थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव के ग्रामीणों ने शुक्रवार को 2003 की वोटर लिस्ट में करीब डेढ़ सौ लोगों के नाम गायब होने की शिकायत कलेक्टर कार्यालय में की। ग्रामीण रामस्वरूप कुशवाहा के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीण कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे, जिन्होंने बताया कि 2003 की वोटर लिस्ट में गांव के कई लोगों के नाम नहीं हैं, जिससे उन्हें कई तरह की परेशानियां हो रही है। ग्रामीणों ने तत्काल नाम जोडने और सुधार की मांग की। वहीं संबंधित अधिकारियों ने शीघ्र ही मामले की जांच कर समस्या का निराकरण करने का भरोसा ग्रामीणों को दिया।

## अवैध हथियारों के विरुद्ध छतरपुर पुलिस कर रही स्ट्राइक

**एक दर्जन से ज्यादा अपराधों में लिप्त आदतन अपराधी गिरफ्तार**



**छतरपुर**। शहर में अपराध नियंत्रण और अवैध हथियारों के उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। रात्रि गश्त के दौरान हाईवे पर की गई घेराबंदी में एक कुख्यात आदतन अपराधी को अवैध हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस को बीती रात गश्त के दौरान फोरलेन हाईवे पर अवैध हथियार के साथ एक संदिग्ध की मौजूदगी की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम तत्काल महोबा बायपास रोड स्थित प्रतीक्षालय पर पहुँची, जहाँ पुलिस को देखकर संदेही ने भागने का प्रयास किया, लेकिन मुस्तैद टीम ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दीपेंद्र उर्फ डीपी ठाकुर पुत्र महंत सिंह ठाकुर निवासी सीताराम कॉलोनी छतरपुर के रूप में हुई है। आरोपी के विरुद्ध आयुध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी डीपी ठाकुर हत्या के प्रयास, चोरी, अवैध हथियार और बलवा जैसे 15 गंभीर अपराधों में पहले से लिप्त है। कार्यवाही में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह दांगी, प्रधान आरक्षक अरविंद शर्मा, आरक्षक नरेश, संदीप, कृष्णकांत पांडेय एवं पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पुलिस अधीक्षक ने ईशानगर थाने का किया वार्षिक निरीक्षण

**गहन समीक्षा के बाद स्टाफ को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**



**छतरपुर**। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने ईशानगर थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने थाना प्रभारी और स्टाफ के साथ बैठक में अपराध नियंत्रण, लंबित प्रकरणों, कानून-व्यवस्था और बीट व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई।

पुलिस अधीक्षक ने थाना अभिलेख, लंबित अपराध, चालान, मर्ग, गुम इंसान प्रकरणों और शिकायतों पर चर्चा की। सभी प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए प्रकरणवार निर्देश दिए। आपराधिक तत्वों पर निगरानी, जनसंपर्क बढ़ाने और पुलिसिंग मजबूत करने के सुझाव दिए। थाना परिसर, आवासीय परिसर, हवालात उपकरणों और डिजिटल फीडिंग की स्थिति का निरीक्षण किया। साफ-सफाई और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। स्टाफ से संवाद कर आवश्यकताएं जानीं। थाना प्रभारी उप निरीक्षक मनोज गोयल को कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने और लंबित मामलों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। निरीक्षण में उप निरीक्षक विश्वनाथ यादव, एएसआई धर्मेंद्र त्रिपाठी सहित थाना स्टाफ उपस्थित रहा।

### शांति व्यवस्था भंग करने वाले दो गिरफ्तार



**छतरपुर**। शहर की सिविल लाइन थाना पुलिस ने स्टेडियम में शांति व्यवस्था का उल्लंघन करने पर दो लोगों को गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की, साथ ही अन्य संलिप्त लोगों की तलाश जारी है। थाना प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि राज सिंह ठाकुर निवासी ग्राम पनौठा थाना ईशानगर और कुंवर जी परमार निवासी ग्राम कालापानी थाना ओरछा रोड को गिरफ्तार किया गया है। दोनों पर स्टेडियम में शांति भंग करने का आरोप है। पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत कार्रवाई की है। इसके अलावा सम्मिलित अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### शासकीय भूमि पर लगे हरे-भरे पेड़ों की हुई अवैध कटाई

**छतरपुर**। छतरपुर तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम इकारा में सरकारी भूमि पर लगे हरे-भरे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई का मामला सामने आया है। इस अवैध गतिविधि की शिकायत मिलने पर राजस्व विभाग की टीम ने तत्काल मौके पर पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया। जानकारी के अनुसार छतरपुर तहसील के राजस्व मंडल मातगवां के अंतर्गत आने वाले ग्राम इकारा में शासकीय जमीन पर लगे हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई की जा रही थी। इसकी शिकायत स्थानीय निवासी पुष्पेंद्र सिंह राजपूत द्वारा प्रशासन से की गई थी। शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए नायब तहसीलदार शशांक जैन अपनी टीम के साथ मौके पर पहुँचे और स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में पेड़ कटे हुए पाए गए। नायब तहसीलदार ने पंचनामा तैयार कर जाँच शुरू कर दी है।

**बच्चों तक आसान तरीकों से पहुंचाएं भाषा के बदलाव**

## 5-5 दिन की तीन चरणों में हुई ट्रेनिंग, शिक्षकों से अपील, निष्ठा से करें कार्य



**छतरपुर**। आंग्ल भाषा के प्रशिक्षण में शामिल हुए जिले के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों से समापन अवसर पर आग्रह किया गया कि वह पूरी निष्ठा से कार्य कर भाषा में हो रहे परिवर्तन एवं भाषा को आसानी से बच्चे को समझाने का प्रयास करें। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण केंद्र नौगांव के प्राचार्य आरके वर्मा ने कहा कि समय परिवर्तनशील है, पाठ योजना बनाकर शिक्षण कार्य करें। 5-5 दिनों की ट्रेनिंग तीन चरणों में रखी गई। ट्रेनिंग पूरी होने के बाद सभी शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। संचालन मास्टर ट्रेनर एवं कवि अजय मोहन तिवारी ने किया।

डाइट में प्रशिक्षण की नोडल अधिकारी अल्का खरे ने बताया कि पिछले तीन महीने में पांच-पांच दिन की ट्रेनिंग रखी गई। ट्रेनिंग के माध्यम से अंग्रेजी भाषा को सरलता से बच्चों तक पहुंचाने के विभिन्न बिंदु मास्टर ट्रेनरों द्वारा बताए गए। उन्होंने प्रशिक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं सभी शिक्षक साथियों से कहा कि जिन बच्चों के कारण हमारे सपने पूरे हो रहे हैं हम उन बच्चों के सपने पूरे करने उन्हें विधिवत शिक्षा दें। समापन अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता एनडी पाठक ने कहा कि सभी शिक्षक मेहनत के साथ पढ़ाते हैं फिर भी परिणाम अपेक्षाकृत नहीं आते। अपनी त्रुटि को पहचान कर उन बिंदुओं पर विशेष फोकस करें जिनकी वजह से परिणाम अनुकूल नहीं रहे। डाइट की वरिष्ठ व्याख्याता ममता चतुर्वेदी ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि विदेशी भाषा को आत्मसात करने में कठिनाई होती है लेकिन बच्चों के मन से भाषा के भय को बाहर निकालना है। दुर्बोध को सुबोध बनाने वाला ही अच्छा शिक्षक होता है। पूरी ट्रेनिंग में मास्टर ट्रेनर अजय मोहन तिवारी, जेपी रैकवार एवं शिवेंद्र निगम द्वारा अंग्रेजी की न केवल बारीकियां बताई गई बल्कि शिक्षकों की जिज्ञासाएं भी सटीक उदाहरण के माध्यम से शांत की गई। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर शिवेंद्र निगम, जेपी रैकवार, अजय मोहन तिवारी, एलपी वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## पुलिस लाइन में आयोजित हुआ तनाव मुक्ति एवं ध्यान कार्यक्रम

**एसपी ने किया निरीक्षण, तनाव मुक्त पुलिसिंग का दिया संदेश**



**छतरपुर**। पुलिसकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और तनाव प्रबंधन के उद्देश्य से शुक्रवार को पुलिस लाइन में एक विशेष ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य पुलिस बल की कार्यक्षमता में वृद्धि, सकारात्मक सोच विकसित करना और कर्तव्य निर्वहन के दौरान एकाग्रता को सुदृढ़ करना है।

मध्य प्रदेश पुलिस एवं हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तनाव मुक्ति एवं ध्यान केंद्र कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। श्री जैन ने उपस्थिति रजिस्टर के संधारण, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जुडऩे संबंधी तकनीकी व्यवस्थाओं और हार्टफुलनेस संस्था के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित करने के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कार्यक्रम के नियमित एवं अनुशासित संचालन हेतु अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार 21 दिसंबर 2025 को विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर प्रदेश के समस्त थानों में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इसी क्रम में जिले के प्रत्येक थाने में पुलिस कोऑर्डिनेटर नियुक्त किए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान हार्टफुलनेस संस्था के कोऑर्डिनेटर, वालिंटियर और सहभागी पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि यह पहल मध्य प्रदेश पुलिस और हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तर पर शुरू की गई है, जिसे जिले के सभी थानों तक विस्तारित किया जा रहा है। अधिकारियों ने कार्यक्रम के नियमित और अनुशासित संचालन पर जोर देते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

## रेस्टोरेंट संचालक के साथ बेरहमी से मारपीट

**मोबाइल लूटकर किया गया अपहरण का प्रयास**

छतरपुर।



शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहाँ एक रेस्टोरेंट संचालक को कार सवार अज्ञात युवकों ने न केवल बेरहमी से पीटा बल्कि उसका मोबाइल लूटकर उसे जबरन अगवा करने की कोशिश भी की। आरोप है कि हमलावरों ने पहले सड़क पर एक्सीडेंट का बहाना बनाकर विवाद किया और फिर समझौते के नाम पर पैसे ऐंठने के बाद और रुपयों की मांग को लेकर पीड़ित पर बेल्ट और लात-घूंसों से हमला कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सागर रोड पर लक्ष्मण राजा स्कूल के पीछे, ग्राम बगौता निवासी रेस्टोरेंट संचालक सुरेंद्र गुप्ता उम्र 40 वर्ष बीती शाम अपनी मोटरसाइकिल से घर जा रहे थे। इसी दौरान बगौता तिराहे के पास पीछे से आ रही एक शिफ्ट कार क्रमांक एमपी 16 जेडएफ 8466 ने उन्हें ओवरटेक करते हुए टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार में सवार तीन अज्ञात युवकों ने सुरेंद्र गुप्ता को रुकवाया और कार में हुए नुकसान के एवज में पैसों की मांग की। आपसी समझौते के तहत सुरेंद्र गुप्ता ने उन्हें 10 हजार रुपये दे दिए, लेकिन आरोपी इतने पर नहीं रुके और 10 हजार रुपये की अतिरिक्त मांग करने लगे। जब पीड़ित ने और पैसे देने से मना किया, तो युवकों ने उन्हें रास्ते में रोककर लात-घूंसों और बेल्ट से बेरहमी से पीटा और उनका मोबाइल फोन छीन लिया। आरोप है कि मारपीट के बाद आरोपी सुरेंद्र गुप्ता को जबरन गाड़ी में बैठाकर ले जाने लगे, लेकिन फोर सीजन होटल के पास मौका पाकर वह चलती गाड़ी से उतरकर भाग निकले। इसके बाद उन्होंने परिजनों को सूचना दी और जिला अस्पताल पहुँचकर इलाज कराया, जहाँ फिलहाल उनका उपचार जारी है। पीड़ित सुरेंद्र गुप्ता ने इस पूरी घटना की जानकारी सिविल लाइन थाना पुलिस को दी है, लेकिन परिजनों का आरोप है कि घटना के काफी समय बीत जाने के बाद भी पुलिस ने न तो मामला दर्ज किया है और न ही आरोपियों की तलाश शुरू की है।



### रहवासी इलाके में लगाया जा रहा मोबाइल टावर

छतरपुर

**विरोध में उतरे वार्डवासी, कलेक्टर को सौंपा आवेदन**

शहर के एक रहवासी इलाके में मोबाइल टावर लगाए जाने के निर्णय ने स्थानीय निवासियों को आंदोलन के लिए मजबूर कर दिया है। वार्ड नंबर 8 के निवासियों ने टावर से होने वाले संभावित रेडिएशन और उसके स्वास्थ्य पर पडऩे वाले दुष्प्रभावों के प्रति गंभीर चिंता व्यक्त की है। शुक्रवार को वार्डवासियों ने जिला प्रशासन को आवेदन देकर तत्काल रोक लगाने की गुहार लगाई है।

वार्डवासी कपिल सोनी ने बताया कि मोहल्ले के जिस स्थान पर टावर लग रहा है, वह चारों तरफ से रहवासी इलाका है और पास में ही स्कूल भी संचालित है। कपिल सोनी के अनुसार, मोहल्ले के लोग टावर के रेडिएशन से डरकर इसका कड़ा विरोध कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन को जानकारी देते हुए बताया कि टावर लगने से रोकने के लिए वे पहले भी आवेदन दे चुके हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है। वार्डवासियों ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि घनी आबादी और बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इस टावर की स्थापना को तत्काल रुकवाया जाए।

## 26 करोड़ की लागत से निर्मित हो रहे पीजी कॉलेज का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**राजस्व अधिकारियों से समन्वय कर कालेज हेतु आवंटित भूमि का कराये पुनः सीमांकनः- बैनल**

**सिंगरौली** 19 दिसम्बर 2025/ गनियारी में 26 करोड़ की लागत से निर्मित हो रहे पीजी कॉलेज भवन का कलेक्टर गौरव बैनल ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पीडब्लूडी एजेंसी को निर्देश दिए कि कार्य में गति लायें एवं समय सीमा में कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें।कलेक्टर ने एम्फीथिएटर कक्ष के साथ साथ अध्ययन कक्ष एवं मल्टीपर्पज हॉल का निरीक्षण किए तथा संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये की पीजी कॉलेज के व्यवस्थित विस्तारीकरण हेतु

ऑडिटोरियम,लाइब्रेरी के साथ साथ पहुँच मार्ग निर्माण हेतु योजना तैयार कर प्रस्तुत करें ताकि डीएमएफ मद से राशि की स्वीकृति प्रदान हो सके।



कलेक्टर ने कहा कालेज परिसर तक आवागमन हेतु पहुच मार्ग का निर्माण नही हो पाया है जिसके संबंध में पीडब्लूडी के द्वारा बताया गया कि चिन्हित किए गयें स्थले के साथ साथ कालेज के क्षेत्रांतर्गत शासकीय भूमियें में कुछ व्यक्तियों के द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया गया है जिसके कारण कठिनाई हो रही है। जिसके संबंध में निर्देश दिएगए कि राजस्व विभाग से संपर्क कर सीमा क्षेत्र को चिन्हित किया जाये ताकि जो भी अवैध अतिक्रमण हो उन्हे हटाने की कार्यवाही की जा सके। निरीक्षण के दौरान सहायक यंत्री तेजस्वनी शुक्ला सहित निर्माण एजेंसी के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी ने 85.5 गीगावाट से अधिक की कमर्शियल क्षमता हासिल की



**एनटीपीसी** ने आज गुजरात और राजस्थान में अपनी सब्सिडियरी कंपनियों के विभिन्न सोलर प्रोजेक्ट्स के माध्यम से 359.58 मेगावाट की नई कमर्शियल क्षमता जुड़ने की घोषणा की है। इसके साथ ही एनटीपीसी ग्रुप की कुल कमर्शियल क्षमता 85.5 गीगावाट से अधिक हो गई है। एनटीपीसी ने आज अपनी सब्सिडियरी एनजीईएल के माध्यम से एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड के गुजरात स्थित 1255 मेगावाट के खावड़ा-1 सोलर पीवी प्रोजेक्ट की 243.66 मेगावाट आंशिक क्षमता के वाणिज्यिक संचालन (COD- कमर्शियल ऑपरेशन डेट) की घोषणा की। इसके अलावा, कंपनी ने राजस्थान में एनटीपीसी के नोख सोलर पीवी प्रोजेक्ट (3×245 मेगावाट) की कुल 245 मेगावाट क्षमता में से 78 मेगावाट के वाणिज्यिक संचालन (COD) की घोषणा की।

कंपनी ने एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (NTPC REL) के गुजरात में स्थित 450 मेगावाट हाइब्रिड ट्रेंच-V प्रोजेक्ट के तहत खावड़ा सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट की कुल 300 मेगावाट क्षमता में से 37.925 मेगावाट की आंशिक क्षमता का वाणिज्यिक संचालन (COD) भी घोषित किया है। इसके साथ ही एनटीपीसी समूह की कुल स्थापित एवं वाणिज्यिक क्षमता बढ़कर 85,541 मेगावाट तक पहुँच गई है।

एनटीपीसी लिमिटेड देश की कुल बिजली जरूरतों का लगभग एक-चौथाई योगदान दे रही है। कंपनी की कुल स्थापित क्षमता 85 गीगावाट से अधिक है, जबकि 30.90 गीगावाट अतिरिक्त क्षमता निर्माणाधीन है, जिसमें 13.3 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता शामिल है। एनटीपीसी वर्ष 2032 तक 60 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे भारत के नेट ज़ीरो लक्ष्यों को मजबूती मिलेगी।

थर्मल, हाइड्रो, सोलर और विंड पावर प्लांट्स के विविध पोर्टफोलियो के साथ एनटीपीसी देश को भरोसेमंद, किफायती और सस्टेनेबल बिजली उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी बेहतर भविष्य के लिए सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को अपनाने, नवाचार को बढ़ावा देने और स्वच्छ ऊर्जा तकनीकों को अपनाने पर लगातार काम कर रही है। बिजली उत्पादन के अलावा, एनटीपीसी ने कई नए व्यवसाय क्षेत्रों में भी कदम रखा है, जिनमें ई-मोबिलिटी, बैटरी स्टोरेज, पंप्ड हाइड्रो स्टोरेज, वेस्ट-टू-एनर्जी, न्यूक्लियर पावर और ग्रीन हाइड्रोजन सॉल्यूशंस शामिल हैं।

## एनसीएल अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-26 में रोमांच चरम पर, टीमें दिखा रहीं दमखम



**सिंगरौली** स्थित कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की दूधीचुआ परियोजना में अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है।

यह प्रतियोगिता लीग कम नॉकआउट के आधार पर 22 दिसम्बर, 2025 तक आयोजित की जा रही है जिसमें एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों से कुल 12 टीम भाग ले रही हैं।

प्रतियोगिता के दूसरे दिन खड़िया क्षेत्र और जयंत क्षेत्र के बीच हुए कड़े मुकाबले में खड़िया क्षेत्र ने जीत दर्ज की। वहीं बीना परियोजना और सीडबल्यूएस के बीच खेले गए मैच में बीना परियोजना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सीडबल्यूएस को पराजित किया।

अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-26 के तीसरे दिन दूधीचुआ क्षेत्र और कृष्णशिला के बीच खेले गए मैच में दूधीचुआ क्षेत्र विजेता रहा। इसके अलावा मुख्यालय और ककरी क्षेत्र के बीच मैच में मुख्यालय टीम ने बाजी मारी।

इसके अतिरिक्त प्रतिस्पर्धा के चौथे दिन अमलोरी क्षेत्र और खड़िया क्षेत्र के बीच हुए मुकाबले में अमलोरी ने जीत हासिल कर अगले चरण में प्रवेश किया। वहीं निगाही और सीडबल्यूएस क्षेत्र के बीच हुए मैच में निगाही क्षेत्र ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत अपने नाम की।

शुक्रवार को ब्लॉक-बी और दूधीचुआ के बीच हुए रोमांचक मुकाबले में ब्लॉक-बी क्षेत्र ने जीत हासिल की। साथ ही मुख्यालय और झिंगुरदा क्षेत्र के मैच में मुख्यालय टीम विजेता रही।

गौरतलब है कि एनसीएल अंतर-क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-26 विगत सोमवार (15 दिसम्बर) को दूधीचुआ परियोजना में शुभारंभ किया गया था। प्रतियोगिता का पहला मैच ब्लॉक-बी एवं कृष्णशिला क्षेत्र के बीच खेला गया जिसमें ब्लॉक-बी क्षेत्र ने जीत दर्ज की।

## खबर संक्षेप

### सेमरिया में तीन मतदान केन्द्र के स्थल में परिवर्तन

**रीवा ।** नगर परिषद सेमरिया में नगरीय निकाय के निर्वाचन के लिए स्थापित तीन मतदान केन्द्रों के स्थान में परिवर्तन किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि नगर परिषद सेमरिया में वार्ड क्रमांक 7 के लिए तहसील राजस्व भवन का मतदान केन्द्र क्रमांक 7 अब आंगनवाड़ी केन्द्र वार्ड क्रमांक 8 बी में स्थापित किया गया है। वार्ड क्रमांक 12 का मतदान केन्द्र क्रमांक 12 वन विभाग पुराना कार्यालय भवन को अब अनुसूचित जाति कन्या आश्रम में स्थानांतरित किया गया है। वार्ड क्रमांक 13 का मतदान केन्द्र क्रमांक 14 नगर परिषद सेमरिया जनगणना कक्ष के भाग दो में स्थापित था। इसे अब आंगनवाड़ी केन्द्र भवन वार्ड क्रमांक 13 बी में स्थापित किया गया है। अब नवीन भवनों में ही इन तीनों मतदान केन्द्रों को स्थापित माना जाएगा। नगर परिषद के संबंधित वार्डों में भी मतदान केन्द्र परिवर्तन की सूचना चस्पा कर दी गई है। मतदान केन्द्रों के स्थान परिवर्तन की कार्यवाही नगर पालिका निर्वाचन नियम 1994 के तहत की गई है।

### ईव्हीएम का रेण्डमाईजेशन आज

**रीवा ।** पंचायतों के उप चुनाव तथा नगरीय निकाय के उप चुनाव में मतदान के लिए ईव्हीएम का उपयोग किया जाएगा। मतदान के लिए तैयार की जा रही ईव्हीएम का 20 दिसम्बर को दोपहर 12.30 बजे से शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज रीवा में रेण्डमाईजेशन किया जाएगा। रेण्डमाईजेशन के बाद संबंधित रिटर्निंग आफीसर दोपहर 3 बजे ईव्हीएम प्राप्त करके उसे स्ट्रांग रूम में सुरक्षित भण्डारित कराएंगे। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर बेक ने बताया कि रेण्डमाईजेशन तथा मशीनों के सुरक्षित भण्डारण की वीडियोग्राफी की जाएगी। ईव्हीएम का उपयोग नगर परिषद सेमरिया के अध्यक्ष तथा वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद पद, जिला पंचायत सदस्य के वार्ड क्रमांक 16 के सदस्य पद तथा ग्राम पंचायत महमूदपुर एवं जरहा के सरपंच पद के मतदान के लिए किया जाएगा। मतदान 29 दिसम्बर को होगा।

### पंच जलकुंड धाम झिरिया घाट की हुई सफाई

**कटनी।** विकासखंड बड़वारा के प्रस्फुटन ग्राम पंचायत पथवारी में जल संचय अभियान को लेकर दत्तात्रेय आश्रम में सेक्टर स्तरीय बैठक ली गई। बैठक में सेक्टर स्तरीय समिति के अध्यक्ष, सचिव सहित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू छात्र उपस्थित रहे। जिसमें जल संचय पर चर्चा करते हुये कार्ययोजना बनाई गई। बैठक के उपरांत पंच जलकुंड धाम झिरिया घाट में निरीक्षण कर साफ-सफाई का कार्य किया गया। इस कार्यक्रम में जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था मानव जीवन विकास समिति बिजौरी प्रतिनिधि रामसखा पाल, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पथवारी के अध्यक्ष गणेशपुरी गोस्वामी, ग्राम पंचायत पथवारी सरपंच प्रतिनिधि ठाकुर अमर राज सिंह सहित ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।

### निगमायुक्त ने सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

**कटनी।** निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने रामनिवास सिंह वार्ड एवं सीएल वार्ड की विभिन्न गलियों का भ्रमण कर जायजा लिया।
निगमायुक्त ने निरीक्षण के दौरान वार्ड की सफाई व्यवस्था को बेहतर रखने हेतु सभी मार्गों की नियमित सफाई कराने तथा वार्डो की संभावित चोक होने वाली नालियों के स्थलों का निरीक्षण कर रोजाना जल निकासी के समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षकों को हिदायत देते हुए कहा कि आप लोग स्वयं रोजाना वार्डो की समस्त गलियों का निरीक्षण करें, कही भी कचरे का ढेर पाए जाने पर उसकी तत्काल सफाई कराना सुनिश्चित हो। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थलों की नालियों के क्षतिग्रस्त पाये जाने पर उक्त नालियों के सुधार कार्य का प्रस्ताव तैयार कराने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी को दिए। निगमायुक्त ने निर्देशित किया।

# उप मुख्यमंत्री ने पशु चिकित्सा महाविद्यालय में वार्षिक इंटरक्लास खेल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ



**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि खेलों से धैर्य और संजीदगी से कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। खेल के मैदान की खेल भावना जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करती है। शुक्ल ने पशु चिकित्सा महाविद्यालय रीवा में 18वीं वार्षिक इंटरक्लास खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने खिलाड़ियों को शपथ दिलाकर तथा मशाल प्रज्जवलित का प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। पशु चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल हमें अंतरिक शक्ति देते हैं तथा खेल के मैदान से मिली सीख हमारे व्यक्तित्व को निखारती है। उन्होंने कहा कि खेलों में भाग लेने वाले प्रतिभागी हारने वाले को भी बधाई देकर आगे बढ़ने की कामना करता है। खेल के मैदान में मानव के अवगुण जैसे ईर्ष्या, द्वेष व जलन खेल भावना के कारण दूर हो जाती है और सभी खिलाड़ी आपस में भाईचारे के साथ खेलों में भाग लेते हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य का जीवन पशुधन के बिना अधूरा है। पशु चिकित्सा महाविद्यालय के छात्र पढ़ाई के साथ-साथ खेल व अन्य गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं यह प्रशंसनीय है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वह हर क्षेत्र में आगे बढ़े और विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनें। इससे पूर्व पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलगुरू मनदीप शर्मा ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि उप मुख्यमंत्र के प्रयासों से ही रीवा ने हर क्षेत्र में प्रगति की है। उन्होंने कहा कि खेलों से हमें अनुशासन और टीम भावना की सीख मिलती है। खेलों में भाग लेना जरूरी है हार और जीत खेल के हिस्से हैं। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार मार्च पास्ट की प्रस्तुति दी घुड़सवार छात्रों ने घुडसवारी का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, राष्ट्रीय अध्यक्ष विद्यार्थी परिषद डॉ. रघुराज तिवारी, पूर्व डीन एसपी शुक्ल, प्राचार्य डॉ. अजीत सिंह, डॉ. राजेश मिश्रा, डॉ. मानसी शुक्ला, रामकिंकर मिश्रा, एस.के. पाण्डेय, सहित प्राध्यापकगण, विद्यार्थी तथा आमजन उपस्थित रहे।

# भारत की सांस्कृतिक विविधता ही देश को श्रेष्ठ बनाती है, एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम में दिखी भारत की बहुरंगी संस्कृति



**रीवा ।** एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत रीवा नगर में स्थित शासकीय उ.मा.वि. बदरांव में बच्चों को शामिल करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने देश विविध राज्यो की कला, संस्कृति व विशेषताओं की जानकारी दी गई। छात्रों ने विभिन्न राज्यों के पारंपरिक नृत्यों की भी प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य आरके जैन द्वारा की गई एवम सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो प्रदाय किये गए। कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित करते प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम के प्रारम्भ में विद्यालय की माध्यमिक शिक्षक अदिति पाठक ने बताया कि शासन द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम आयोजन का उद्देश्य भारत के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रहने वाले विविध संस्कृतियों के लोगों के बीच सक्रिय रूप से बातचीत को बढ़ावा देना है, जिसका उद्देश्य उनके बीच अधिक आपसी समझ को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम का संयोजन माध्यमिक शिक्षक अनीता शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक विद्यामणि शुक्ला, लछू बसोर, विनय तिवारी आदि शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता रही।

# रीवा से इंदौर के लिये नियमित विमान सेवा का 22 दिसंबर को होगा शुभारंभ, उप मुख्यमंत्री ने तैयारियों का लिया जायजा



**रीवा ।** रीवा से इंदौर के लिये एटीआर 72 विमान 22 दिसंबर को उड़ान भरेगा। इंडिगो एयरलाइंस की इस नियमित सेवा में वायुयान दोपहर बाद 1.15 बजे रीवा आयेगा तदुपरांत 1.35 बजे इंदौर रवाना होगा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने 22 दिसंबर को आयोजित होने वाले शुभारंभ कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया तथा सभी व्यवस्थायें दुरूस्त रखने के निर्देश संबंधितों को दिये। उन्होंने बताया कि नगरीय प्रशासन मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय अपने 40 से अधिक सदस्यीय दल के साथ इंदौर से रीवा आयेंगे। उप मुख्यमंत्री शुक्ल स्वयं इस विमान से 70 से अधिक यात्रियों के साथ इंदौर रवाना होंगे। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि रीवा से नई दिल्ली विमान सेवा के बेहतर परिणाम सामने आये हैं। इसको देखते हुए एलायंस एयर अब रविवार को भी नई दिल्ली से रीवा व रीवा से नई दिल्ली के लिये विमान का संचालन करने की कार्यवाही कर रहा है। बैठक में नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, विधायक प्रतिनिधि विवेक दुबे, बालेन्द्र गौतम सहित इंडिगो के अधिकारी, रीवा एयरपोर्ट के अधिकारी शुभम शर्मा उपस्थित रहे।

# सीईओ जिला पंचायत ने 5 खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण अपर कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार भी कर रहे निगरानी



**रीवा ।** जिले भर में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से धान का उपार्जन किया जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा खरीदी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करके उपार्जन की व्यवस्थाओं की निगरानी की जा रही है। इस क्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने जिले के 5 धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया। गुर्जर ने उपार्जन केन्द्र मटियारा, चाकघाट कृषि उपज मण्डी, ढखरा नम्बर दो, अमिलिया, मांगी एवं रायपुर सोनौरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय एसडीएम त्योंथर पीएस त्रिपाठी तथा अन्य अधिकारी उनके साथ रहे। गुर्जर ने खरीदी केन्द्र में किसानों से उपार्जन के संबंध में की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने उपार्जन केन्द्र जवा और चौखण्डी का निरीक्षण किया। अन्य राजस्व अधिकारियों द्वारा भी खरीदी केन्द्र उमरी, रायपुर, अमवा, पड़री, व्यौहरा, गुढ़ तथा करहिया मण्डी का निरीक्षण किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी गुर्जर ने धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए कहा कि किसानों से निर्धारित मात्रा में धान लें। खरीदी केन्द्र में पर्याप्त तौलकांटे की व्यवस्था करें जिससे किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो। खरीदी केन्द्रों में छाया, पानी के साथ-साथ अलाव की भी व्यवस्था कराएं। समिति प्रबंधक तथा खरीदी केन्द्र प्रभारियों को निर्देश देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि किसानों से उपार्जित धान को व्यवस्थित स्टैगिंग कराकर रखें। उपार्जित धान का समय पर परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं। धान लेते समय गुणवत्ता की निगरानी अवश्य करें। उपार्जित धान को गोदाम में पहुंचाकर स्वीकृति पत्रक जारी कराएं जिससे किसान को समय पर भुगतान हो सके।

# अटल जी की प्रतिमा अनावरण विवादों में, महापौर को निर्माण स्थल में मिली प्लास्टिक की प्रतिमा धातु की प्रतिमा का अब तक नहीं हुआ निर्माण, जल्दबाजी में प्लास्टिक की प्रतिमा का अनावरण करने महापौर ने लगाया आरोप

रीवा



रीवा के अटल पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा को लेकर अनावरण से पहले ही विवाद छिड़ गया है। रीवा में आगामी 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती अवसर पर रीवा के ही अटल पार्क में देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा प्रतिमा का अनावरण किया जाना है, जिसकी तैयारियां भी जोरों से की जा रही है। वही प्रतिमा अनावरण की लेकर चल रही इन तैयारियों के बीच रीवा नगर निगम के महापौर अजय मिश्रा बाबा ने प्रतिमा को लेकर आपत्ति दर्ज करा दी है। महापौर का दावा है कि जब वह प्रतिमा के अनावरण स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे तो वहां धातु की प्रतिमा की जगह प्लास्टिक की प्रतिमा रखी हुई थी जिसे देखकर वह खुद भी हैरत में पड़ गए। महापौर ने कहा कि 25 दिसंबर तक धातु की प्रतिमा का बन पाना लगभग असंभव है, ऐसे में प्लास्टिक की प्रतिमा का अनावरण करना न सिर्फ जनता के साथ धोखा है बल्कि भारत रत्न के साथ एक बड़ा छलावा है। महापौर ने सवाल उठाते हुए कहा कि प्रतिमा अनावरण को लेकर आखिर इतनी जल्दबाजी क्यूं। महापौर ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम की एमआईसी द्वारा ही अटल जी की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर प्रस्ताव पास किया गया था, जिसका बाकायदा 94 लाख 72 हजार की लागत 12 से 14 फीट की कुर्सी में विराजमान प्रतिमा बनाने का ऑर्डर भी दिया गया, लेकिन उक्त धातु की प्रतिमा का अब तक निर्माण ना होने के बावजूद भारतीय जनता पार्टी और उनके नेताओं द्वारा जल्दबाजी में प्लास्टिक की ही प्रतिमा का अनावरण करने की तैयारी की जा रही है।हालांकि इस पर महापौर ने ना सिर्फ आपत्ति जताई बल्कि कलेक्टर प्रतिभा पाल से भी इस संबंध में चर्चा की है। महापौर ने कहा कि अटल जी की प्रतिमा का निर्माण जनता द्वारा जमा किए गए टैक्स के पैसों से कराया जा रहा है, लेकिन जिस तरह से धातु की जगह प्लास्टिक की प्रतिमा का अनावरण कराने की तैयारी की जा रही है वह जनता के पैसों का ना सिर्फ दुरुपयोग है बल्कि यह एक बड़ा छलावा भी है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई सर्वदल सम्मानित थे, और उनकी प्रतिमा का अनावरण पूरे वर्ष में कभी भी किया जा सकता है, बता दे की 25 दिसंबर को अटल पार्क में देश के गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा प्रतिमा का अनावरण किया जाना है, लेकिन धातु की प्रतिमा तैयार न होने की वजह से अब दो दलों के बीच कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं।

# उप मुख्यमंत्री ने आमजनों की समस्यायें सुनीं



**रीवा** / उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने राजनिवास न्यू सर्किट हाउस रीवा में स्थानीय जनों की समस्यायें सुनीं। उन्होंने विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदनों को अधिकारियों को प्रेषित कर समाधानकारक कार्यवाही के निर्देश दिये।

# जेठ ने बहू का फोड़ा सिर, जमीनी विवाद में घर में घुसकर मारपीट, महिला गंभीर

रीवा

जिले के गढ़ थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद के चलते जेठ ने बहू पर प्राणघातक हमला कर दिया। आरोप है कि जेठ ने घर में घुसकर बहू के लोहे की रॉड और लकड़ी के टुकड़ों से साथ मारपीट की है। हमले में महिला के सिर पर गंभीर चोट आने से उसे संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां घायल महिला का उपचार अभी जारी है। दरअसल मारपीट की यह घटना गुरुवार की शाम जिले के गढ़ थाना क्षेत्र में हुई है। घायल महिला मइकी कुशवाहा के पति इंद्रकुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उसका बड़े भाई राजमणि कुशवाहा से जमीनी विवाद चल रहा है। आरोप है कि जमीनी विवाद के चलते बड़े भाई ने घर में घुसकर छोटे भाई की पत्नी के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। घायल महिला ने बताया कि जेठ ने लोहे की रॉड से उस पर हमला किया है, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटे आई है। फिलहाल घायल महिला को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वही मारपीट की शिकायत पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

# ग्रामीण बैंक ने देश के विकास में योगदान देते हुए पूरे किए स्वर्णिम 50 वर्ष

रीवा

भारत में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक सन 1975 से शुरू हुए। देश में 2 अक्टूबर 1975 को प्रथम ग्रामीण बैंक मुरादाबाद उत्तर प्रदेश सहित पांच क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की स्थापना की गई। ग्रामीण बैंक की स्थापना का मुख्य उद्देश्य भारत में बैंकिंग सुविधाओं से वंचित ग्रामीण क्षेत्रों में कम लागत पर छोटे किसानों खेतिहर मजदूरों छोटे व्यापारियों एवं उद्यमियों को बैंकिंग सुविधाओं के साथ-साथ उनकी साख एवं ऋण सुविधाओं को उपलब्ध कराना था। ग्रामीण बैंकों ने 2 अक्टूबर 2025 को देश के विकास में योगदान देते हुए अपने स्वर्णिम 50 वर्ष पूरे किए। ग्रामीण क्षेत्र में बैंकिंग सुविधाओं के विकास, बचत, पूंजी निवेश और गरीबों को शासन की योजनाओं का लाभ देने में ग्रामीण बैंकों की भूमिका महत्वपूर्ण और सराहनीय रही। ग्रामीण बैंक के विलय के चौथे चरण में भारत के 26 राज्यों दो केंद्र शासित प्रदेश में 43 ग्रामीण बैंक कार्यरत थे जो 1 मई 2025 से 26 राज्य एवं दो केंद्र शासित प्रदेश में विलय के पश्चात 28 ग्रामीण बैंक की 700 जिलों में लगभग 22000 से अधिक शाखाएं कार्यरत हैं। ग्रामीण बैंकों में वर्तमान में लगभग वही सुविधाएं आमजनता को दी जा रही हैं जो राष्ट्रीयकृत बैंकों से प्राप्त होते हैं। ग्रामीण बैंक शासन और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के नियंत्रण में बैंकिंग व्यवसाय कर रहे हैं। इन 50 वर्षों में ग्रामीण बैंकों के स्थानीय सेवायुक्तों द्वारा अपनी स्थानीय बोली भाषा व्यवहार खान-पान वेशभूषा से स्थानीय गरीब किसान मजदूरों के बीच अच्छी छवि एवं पैठ बनाकर ग्रामीण बैंकों का व्यवसाय उत्तरोत्तर वृद्धि की ओर ले गए वित्तीय वर्ष 2021-22 में ग्रामीण बैंक की कुल जमा राशि 5.62 लाख करोड़ थी जो वित्तीय वर्ष 23 -24 मैं बढ़कर 8.40 लाख करोड़ हो गई वित्तीय वर्ष 2023 24 में बैंक का समेकित शुद्ध लाभ 7571 करोड़ तक पहुंच गया। वर्ष 2022 में कर्मचारियों की संख्या 95833 थी। ग्रामीण बैंकों की वित्तीय सहायता से अल्पकालीन मध्यमकालीन दीर्घकालीन ऋणों के माध्यम से किसान व्यवसायी मजदूर पशुपालकों बकरी पालकों मछली पालकों कपड़ा चमड़ा उद्योग साइकिल रिक्शा वेल्डिंग आदि अनेक गतिविधियों के माध्यम से अपना अपना उत्पादन एवं कारोबार भी बढ़ाकर ग्रामीण आवास एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था में निरंतर वृद्धि की इस हेतु शासकीय योजनाओं यथा आईआरडीपी महिलाओं के समूहों को बनाकर महिलाओं के सशक्तिकरण और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। इसके लिए भारत सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा भी समय-समय पर विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को अनुदान उपलब्ध कराया गया। पात्र हितग्राहियों को हितलाभ, पेंशन तथा कर्मचारियों को वेतन का भुगतान भी ग्रामीण बैंक के खाते से किया जा रहा है। ग्रामीण बैंक के सेवा कर्मियों के अथक परिश्रम के परिणाम स्वरुप ही आज ग्रामीण बैंक की सेवायुक्त स्केल 5 अर्थात सहायक महाप्रबंधक के पद तक पदोन्नत होकर कार्य कर रहे हैं। ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष और महाप्रबंधक वाणिज्यिक बैंकों के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तक पदोन्नत होकर राष्ट्रीयकृत बैंकों में समतुल्य पदों पर कार्य कर रहे हैं। सरकार द्वारा 30 अप्रैल 1990 को दिए गए निर्णय अनुसार अपना अवार्ड दिया यह 22 फरवरी 1991 से ग्रामीण बैंक और राष्ट्रीयकृत बैंकों के वेतन, भत्तों एवं अन्य सुविधाओं को समान कर दिया। ग्रामीण बैंक के पेंशन भोगी कर्मचारियों को भी राष्ट्रीयकृत बैंकों के समान पेंशन दी जा रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2014 में ग्रामीण बैंकों के माध्यम से करोड़ों जनधन खाते खुलवाकर महिला सशक्तिकरण हितग्राहियों को सीधे ट्रांसफर बेनिफिट ग्रामीण रोजगार बढ़ाने के लिए शत-प्रतिशत कंप्यूटरीकृत बैंकिंग एटीएम नेफ्ट आरटीजीएस नेट बैंकिंग सुविधा ग्रामीण स्तर तक पहुंचाने में अपनी महती भूमिका अदा की है। आज इन बैंकों की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। इन बैंकों की उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए सर्वोच्च न्यायालय सहित अन्य न्यायालयों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। ग्रामीण बैंक आज अपने सफलतम 50 वर्ष पूर्ण कर स्वर्ण जयंती वर्ष मना रहा है। निश्चित रूप से ग्रामीण बैंक ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में अपने उद्देश्य में पूर्ण सफल रहा।

# आम आदमी पार्टी ने मध्यप्रदेश जोड़ो अभियान के तहत जनसभा का किया आयोजन

## बुजुर्ग महिलाओं और पुरूषों को शाल और कम्बल देकर किया सम्मानित



**मऊगंज।** आम आदमी पार्टी द्वारा प्रदेशभर में चलाये जा रहे "मध्य प्रदेश जोड़ो अभियान" को लेकर जिले के मऊगंज विधानसभा अंतर्गत पहाड़ी ग्राम में जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं रीवा ज़ोन प्रभारी पंडित उमेश त्रिपाठी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जनसभा में बड़ी संख्या में युवा, बुजुर्ग, महिलाएं एवं पुरुष शामिल हुए।सभा को संबोधित करते हुए पंडित उमेश त्रिपाठी ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और पानी जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं पर जोर देते हुए कहा कि जनता को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए और ऐसे प्रतिनिधि का चुनाव करना चाहिए जो उनकी वास्तविक आवश्यकताओं को समझे और उसकी पूर्ति कर सके कार्यक्रम के दौरान बुजुर्ग महिलाओं एवं पुरुषों को शाल, श्रीफल एवं कंबल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिनमें भोला भारती श्रद्धा श्रीवर्मा रावेद्र सिंह उमेश द्विवेदी केसरी पांडे सानन्त स्वरूप विश्वकर्मा अंसार अंसारी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे1

# नईगढी पुलिस ने लूट की वारदात करने वाले आरोपियों को 24 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार



**मऊगंज।** जिले के नईगढ़ी थाना प्रभारी जगदीश सिंह ठाकुर,एवं हमराह स्टाफ द्वारा बाताया गया कि दिनांक 17/12/25 फरियादी राजेन्द्र कुशवाहा पिता शेषमणि वर्मा उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम डीही (बैजला) थाना नईगढी जिला मऊगंज ने थाना मे आकर रिपोर्ट लेख कराया कि दिनांक 17/12/25 को वह अपनी बहन के साथ अष्टभुजा कूडा घूमने गया था देवलहा कूडा के पास खडा होकर फोटो खीच रहा था तभी तीन लडके फरियादी व उसकी बहन के साथ मारपीट कर उसका 5000/- रूपए , मोबाइल, ब्लूटूथ , पर्श लूटकर भाग जाने की शिकायत करने पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 309 बीएनएस पंजीबद्ध कर पुलिस घटनास्थल पर रवाना होकर आसपास के लोगो से आरोपियो की पहचान रहीम और रसीद खान के रूप मे किए जाने पर थाना प्रभारी जगदीश सिंह ठाकुर द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए टीम गठित कर आरोपियो की तलास किए जो आरोपी अब्दुल रहीम व रशीद खान को चंद घंटों में गिरफ्तार किया गया पूछताछ पर आरोपियों द्वारा घटना कारित करना कबूल किया एवं लूट किया गया रियलमी कम्पनी का मोबाइल, बोल्ट कम्पनी का ब्लूटूथ एवं 2000/- हजार रुपए छीनकर भागना बताए जाने पर लूट किया गया मशरुका बरामद किया गया एवं एक फरार आरोपी की पता तलाश जारी है दोनों आरोपीगणो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय जेआर पर पेश किया गया है ।

आरोपियो को गिरफ्तार करने मे मुख्य भूमिका उनि जगदीश सिंह ठाकुर , सउनि पवन अवस्थी सउनि,नारायण पाण्डेय, प्र.आर.13 रामकुमार भास्कर, आर.99 दिवाकर सिंह ,आर.82 अविनाश सिंह ,आर.63 प्रकाश कुशवाहा ,आर. 36 सुरेन्द यादव, आर.38 चन्दन यादव , सैनिक पवन मिश्रा की रही।